# PROFIT ADVERTISERS (INDIA) Pvt. Ltd.

## PRESS CLIPPING

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Client | Agrovision [2nd day] | | | | |
| Publication | Rashtraprakash | | | | |
| Language | Hindi | Place | Nagpur | Date | 13/11/16 |

# निर्यात सुविधा प्रकल्प बनायें : गडकरी

## एग्रोविजन कार्यशाला का उद्‌घाटन किया गुजरात के मुख्यमंत्री ने



गुजरात रा%य ने कृषि क्षेत्र में चलाये विभिन्न योजना तथा दुध उत्पादन के क्षेत्र में किये उल्लेखनीय कार्य किया. गुजरात की तर्ज पर महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे, नागपुर, औरंगाबाद हवाई अड्डे के पास 5 एकड़ भूमि पर किसानों के लिए निर्यात सुविधा प्रकल्प शुरू करने की सूचना केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की. रेशिमबाग मैदान पर मध्य भारत के सबसे बड़े ॲग्रोविजन इस कृषि प्रदर्शनी में ॲग्राविजन इस कृषि प्रदर्शनी में ॲग्राविजन कार्यशाला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए वे बोल रहे थे.

नागपुर, राप्र संवादक

इस कार्यशाला का उद्‌घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री विजयभाई रूपानी के हाथों हुआ. प्रमुख अतिथि केंद्रीय लघू व मध्यम रा%यमंत्री गिरीराज सिंह, सामाजिक न्याय मंत्री राजकुमार बडोले, कृषि विभाग के प्रधान सचिव विजय कुमार, कृषक सेल के अजय विर जाखड, टी. नंदा, सोढी आदी मंच पर उपस्थित थे.

श्री. गडकरी ने आगे कहा कि, एनडीबी के माध्यम से विदर्भ व मराठवाड़ा में दुध का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रकल्प चलाये जानेवाले है. यह आहवान किसान स्वीकार करें व यह अर्थव्यवस्था 50 हजार करोड़ रू. तक बढ़ाने का संकल्प होने की जानकारी उन्होंने दी. खेती से विदेशी बजार यह संकल्पना किसानों ने उत्पादीत किए कृषि माल वैश्विक बजार में भेजने के लिए हवाई अड्डों के पास कृषि निर्यात केंद्र सुविधा उपलब्ध उपलब्ध करने से ही गुजरात से बड़ी मात्रा में निर्यात बढ़ी है, ऐसा प्रतिपादन गुजरात के मुख्यमंत्री विजयभाई रूपानी ने किया. आधुनिक तकनिक का उपयोग करते हुए कृषि उत्पादन को उचित मूल्य मिले इसके लिए गुजरात सरकार द्वारा जारी विभिन्न उपक्रमों के बारे में बताते हुए श्री. रूपानी ने कहा कि, किसानों को फसल बीमा संरक्षण के माध्यम से 11 हजार करोड़ रू. का बीमा सुरक्षा मिला है. कृषि कर्जे 18 प्र.श. के बजाय 1 प्र.श. की दर से उपलब्ध करने से उत्पादन खर्च में बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई है. इस योजना का लाभ 38 लाख किसानों को हुआ है. दो लाख मेट्रीक टन से 22 लाख मेट्रीक टन उत्पादन में वृद्धि हुई है. ऐसे में 1 लाख 11 हजार करोड़ रू. के उत्पादन में वृद्धि होने से कृषि विकास की दर 17 प्र.श. तक बढ़ी है.

किसानों को खेत में ही ई-गांव व ई-पोर्टल के माध्यम से संसार के सभी कृषि उत्पादन के भाव उपलब्ध हो रेहे है. गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा कि, ॲग्रोविजन इस कृषि प्रदर्शनी में किसानों को आधुनिक तकनिक की जानकारी देने के लिए अत्यंत उपयुक्त होकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुरू की बायोटेक्नॉलॉजी व मिथेनॉल निर्माण की तकनिक का प्रयोग गुजरात में भी किया जाएगा.

इस अवसर पर केंद्रीय रा%यमंत्री गिरीराज सिंह, ॲग्रो विजन सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. सी.डी. मायी ने भी ॲग्रोविजन के माध्यम से प्रगत तकनिक की जानकारी किसानों तक पहुंचाने, कम पानी में अधिक उत्पादन लेनेवाली तकनिक आत्मसात करने तथा किसानों को उत्पादन दोगुना करने के लिए नियोजन करने का आहवान किया. इस अवसर पर कृषि कल्याण के गन्ना (उस) विशेषांक का प्रकाशन किया गया. कार्यक्रम का संचालन रेणुका देशकर ने तो आभार रवि बोरटकर ने माना. इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे.